2019
आदर्श प्रश्न पत्र
कक्षा–12
भूगोल (केवल प्रश्न पत्र)

समय : तीन घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक : 70**

निर्देश: प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों के प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

नोटः 1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2) प्रश्न संख्या 1 से 8 तक बहुविकल्पीय है। प्रश्न संख्या–9 से 16 तक अतिलघु उत्तरीय हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 20 शब्दों में, प्रश्न संख्या–17 से24 तक लघु उत्तरीय हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 100 शब्दों में और प्रश्न संख्या–25 से 26 तक विस्तृत उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए।

3) सभी प्रश्नों के लिये निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

4) उपयुक्त रेखा–मानचित्रों एवं आरेखों द्वारा अपने उत्तरों की पुष्टि कीजिए।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए–

1– वृक्षों तथा वनों के विनाश से क्या समस्या उत्पन्न होती है– (1)

(i) वायुमण्डलीय परिवर्तन

(ii) पारिस्थितिकीय असन्तुलन

(iii) पर्यावरण प्रदूषण

(iv) उपर्युक्त सभी

2. विश्व में चाय का सर्वाधिक उत्पादक देश कौन है– (1)

(i) भारत

(ii) श्रीलंका

(iii) चीन

(iv) संयुक्त राज्य अमेरिका

3. नेपा नगर प्रसिद्ध है– (1)

(i) अखबारी कागज उद्योग

(ii) रेशम उद्योग

(iii) सीमेण्ट उद्योग

(iv) चीनी उद्योग

4. निम्नलिखित में से कौन सा बन्दरगाह पूर्व का द्वार कहलाता है– (1)

(i) टोकियो

(ii) हांगकांग

(iii) सिडनी

(iv) सिंगापुर

5. भारत का सबसे बड़ा नगर कौन है– (1)

(i) बंगलुरू

(ii) दिल्ली

(iii) कोलकाता

(iv) मुम्बई

6. भारत में सीमेण्ट उत्पादन में प्रथम स्थान वाला राज्य– (1)

(i) मध्य प्रदेश

(ii) आन्ध्र प्रदेश

(iii) कर्नाटक

(iv) राजस्थान

7. सुनामी की उत्पत्ति का सम्बन्ध किससे है– (1)

(क) भूकम्प

(ख) ज्वालामुखी

(ग) भूस्खलन

(घ) बाढ़

8. भूगर्भ जल का मुख्य स्त्रोत क्या है– (1)

(क) वर्षा जल

(ख) छत जल संग्रह

(ग) कुएँ

(घ) तालाब

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

9. परिस्थितिक–तंत्र किसे कहते हैं? (2)

10. विश्व की 50% जनसंख्या एशिया की किस पेटी में निवास करती है? (2)

11. जापान का कोबे–ओसाका क्षेत्र किस उद्योग के लिए प्रसिद्ध है? (2)

12. विश्व का अन्तर्महादीपीय रेलमार्ग कौन सा है? (2)

13. चाय के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को उन्नत बनाने हेतु किन्ही दो सुझाव का उल्लेख कीजिये? (2)

14. ट्रांस साइबेरियन रेलमार्ग का चित्र बनाकर बीच के दो स्टेशनों का नाम लिखिए? (2)

15. प्राकृतिक आपदाओं का वर्गीकरण कीजिए? (2)

16. पर्यावरण से आप क्या समझतें हैं? (2)

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

17. जैव मण्डल का अर्थ समझाते हुए उनके घटकों का वर्णन कीजिए? (4)

18. लौह इस्पात उद्योग के स्थानीकरण के कारणों का वर्णन कीजिए? (4)

19. उत्तर प्रदेश की अपेक्षा मध्य प्रदेश का जनसंख्या घनत्व कम है। इसके दो कारण लिखिए। (4)

20. भारत का व्यापार किन देशों के साथ होता है? विवरण दीजिए। (4)

21. भारत का रेखा मानचित्र खींचकर उसमें निम्न को दर्शाइए–(4)

    मुम्बई, कोलकाता, विशाखापट्टनम, कांडला

22. रासायनिक दुर्घटनाएं क्यों होती हैं? प्रमुख कारण बताइए? (4)

23. वर्षा जल के प्रबन्धन एवं उपयोगिता पर टिप्पणी लिखिए? (4)

24. भूजल संचयन हेतु सुझावों का उल्लेख कीजिए? (4)

(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

25. जनसंख्या वृद्धि किसे कहते हैं? विश्व में जनसंख्या के असामान वितरण से उत्पन्न समस्याओं एवं उसके समाधान के उपायों का उल्लेख कीजिए। (7)

अथवा

नगरीकरण और औद्योगीकरण का सम्बन्ध समझाइए और उससे उत्पन्न प्रदूषण के निराकरण हेतु उपाय लिखिए? (7)

26. भारत में जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारकों का विश्लेषण कीजिए? (7)

अथवा

नगरीकरण से क्या तात्पर्य है? नगरीकरण के कारणों का उल्लेख कीजिए? (7)

***